बिहार लघु उद्यमी योजना 2024

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बिहार सरकार ने 'बिहार लघु उद्यमी योजना 2024' के तहत लगभग 94 लाख परिवारों को प्रति परिवार 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की।

मुख्य बिंदु:

- मुख्यमंत्री ने **आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे परिवारों को अपना व्यवसाय शुरू करने में सहायता करने के लिये** बिहार लघु उद्यमी योजना की शुरुआत की।
- योजना के तहत **50 लाभार्थियों का चयन** कंप्यूटर रैंडमाइजेशन प्रणाली के माध्यम से किया गया था।
- अधिकारियों के अनुसार, राज्य में 2.76 करोड़ लोगों ने जाति-आधारित जनगणना में भाग लिया, जिसमें 94 लाख परिवार प्रतिमाह 6000 रुपए से कम कमाते थे।

बिहार लघु उद्यमी योजना

- **वर्ष 2024 में** शुरू की गई यह योजना स्वरोज़गार और उद्यमिता के लिये प्रति व्यक्ति 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
- योजना के तहत, **निवेशक लघु-कुटीर/कुटीर उद्योगों को वित्त पोषित कर सकते हैं**, जैसे- हस्तशिल्प, कपड़ा, सेवा क्षेत्र और विद्युत के सामान।
- **अप्राकृतिक या आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में,** असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को अब 2 लाख रुपए (पहले 1 लाख रुपए) और 1 लाख रुपए (पहले 75,000 रुपए) का **मुआवज़ा मिलेगा।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-small-entrepreneur-scheme-2024